Need for running the local train from Pune to Lonavala in day time particularly from 11:30AM to 2:30PM

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल)**:** माननीय सभापति महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र में पुणे से लोनावला तक एक लोकल ट्रेन चलती है । कोविड के बाद, दोपहर 11.30 से 2.30 बजे के बीच वह लोकल ट्रेन नहीं चलाई जा रही है, जबकि उसी समय सभी मालगाड़ियां उस रूट पर चलती हैं । जब मैं रेलवे मंत्री जी से इस संबंध में मिला, तब उन्होंने बताया कि दोपहर के समय मेन्टेनेंस के कारण लोकल ट्रेन नहीं चलेगी । महोदय, जब मालगाड़ी उसी समय चलती है तो फिर लोकल ट्रेन क्यों नहीं चल सकती है? दोपहर के समय स्कूल जाने वाले विद्यार्थी, शिक्षक, महिलाएं, कर्मचारी इससे प्रभावित होते हैं एवं किसान भी दूध बेचने पुणे तक जाते हैं तो उनको भी दो-ढाई घंटे रेलवे स्टेशन पर वेट करना पड़ता है । मैं कई बार, इस संबंध में रेलवे मिनिस्टर से मिला हूँ । रेलवे बोर्ड एवं रेलवे मंत्रालय ने पुणे से लोनावना तक तीसरे और चौथे ट्रैक को मंजूरी दी है और इसको 3-4 साल हो गए हैं । जब सुरेश प्रभु जी रेल मंत्री थे, तब इसको मंजूरी दी गई थी, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है । महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री श्री ऐकनाथ शिंदे जी ने इस संबंध में एक मीटिंग भी की है ।

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

13.00hrs

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे **:** महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह वादा भी किया था कि महाराष्ट्र गवर्नमेंट भी रेलवे बोर्ड की तरह उसमें सहायता करेगी ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह मांग करता हूं कि पुणे से लोनावला तक जाने वाली लोकल ट्रेन दोपहर के समय, खासकर साढ़े ग्यारह से ढाई बजे के बीच चलाई जाए ।